# ''सगम'' भवन प्रगति रिपोर्ट

विजयवर्गीय समाज बन्धुओं के हितार्थ प्रतापनगर सांगानेर जयपुर में विजयवर्गीय समाज की विशाल धरोहर ''संगम'' विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र एवं छात्रावास भवन,प्रतापनगर, जयपुर का निर्माण निरन्तर प्रगति की ओर है ।

वर्तमान में भवन निर्माण के अन्तर्गत अन्डर ग्राउण्ड, भूतल (मुख्य हॉल सहित), चार एसी कमरे मय बाथरूम, मेजेनाईन फ्लोर एवं बाथरूम आदि पूर्ण रूप से मूलभूत सुविधाओं के साथ तैयार किये जा चुके है। इसके अतिरिक्त पूर्व में निर्मित चौकीदार हेतु एक कमरा मय अन्य सुविधाओं के, रसोईघर मय स्टोर, महिला–पुरूष शौचालय, आमजन के लिये ठंडे पानी की प्याऊ, पानी की सुविधा के लिये बोरिंग, 12 हजार sq.ft. का लॉन, आमजन के लिये शिवालय का निर्माण कराया जा कर सभी बन्धुओं एवं सामाजिक संस्थाओं के उपयोग हेतु न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध कराना प्रारम्भ कर दिया गया ।

**निरन्तर अनुदान प्राप्तः**

भूमि पर चल रहे निर्माण कार्यो एवं उपयोगिता से प्रभावित होकर स्वप्रेरित विजयवर्गीय समाज बन्धुओं द्वारा निरन्तर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। 1 जुलाई,2019 से 10 अक्टूबर,2019 तक प्राप्त अनुदान राशि का विवरण निम्न प्रकार से है :– (इससे पूर्व प्राप्त अनुदान की जानकारी समय–समय पर सामाजिक पत्रिकाओं में प्रकाशित कराई जा चुकी है)

**राजसेवक परिषद सदस्य** : श्री रामबाबू विजयवर्गीय–राजभवन सिविल लाईन्स (भरथला निवासी) द्वारा 51 हजार, परिषद के विधि मंत्री श्री अजय कुमार विजयवर्गीय–गलता गेट (पालावास) द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये 51 हजार रूप्ये के अतिरिक्त अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 21121 रूपये के साथ कुल राशि 72121 रूपये, परिषद के कोषाध्यक्ष श्री नरेन्द्र बाबू विजय–बजाजनगर (अलवर निवासी) द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये 51 हजार की राशि को 501 रूपये से बढाकर कुल 51501 रूपये, श्री नरेन्द्र कुमार विजय–डीसीएम (राजगढ निवासी) द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये 51 हजार रूप्ये की राशि को बढाकर अपनी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में 20000 रूप्ये के साथ कुल 71000 हजार, श्री राकेश विजयवर्गीय–सूर्यनगर (अलवर निवासी) द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये 11 हजार की राशि को बढाकर अपनी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में 14 हजार रूपये के साथ कुल राशि 25 हजार रूपये, श्री महेश कुमार विजय–वैशालीनगर द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये 11 हजार रूप्ये की राशि को बढाकर अपने बच्चों की उपलब्धी के उपलक्ष्य में 11000 रूप्ये के साथ कुल 22000 हजार रूप्ये, श्री प्रदीप कुमार विजयवर्गीय–मालवीयनगर (राजगढ निवासी) द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये 5100 रूप्ये की राशि को बढाकर 11000 रूप्ये के साथ कुल 16100 हजार रूप्ये,रूप्ये की राशि को बढाकर अपने बच्चों की उपलब्धी के उपलक्ष्य में 11000 रूप्ये के साथ कुल 22000 हजार रूप्ये, श्री नरेन्द्र बाबू विजय–बजाजनगर (अलवर निवासी) द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये 51 हजार की राशि को 501 रूपये से बढाकर कुल 51501 रूपये, श्री बालमुकुन्द विजय–वैशालीनगर (नन्दराय निवासी) द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये 1 लाख की राशि को 1000 रूपये से बढाकर कुल 1 लाख 1 हजार रूपये एवं प्रत्येक द्वारा 11 हजार रूप्ये – सर्वश्री मंगलबिहारी विजय–दुर्गापुरा (आवां निवासी), सीताराम विजय–बास बदनपुरा (कोलाना निवासी), रामावतार विजय–गंगापोल (चौमू निवासी), श्रीकृष्ण–अमित कुमार विजय–प्रतापनगर (करनावर निवासी), एवं श्री अशोक कुमार विजय–प्रतापनगर (कोटा) तथा श्री जगदीश नारायण विजय–मालवीयनगर (दौसा निवासी) द्वारा 1100 रूप्ये का अनुदान प्रदान किया गया ।

***विजयवर्गीय समाज के भामाशाह :*** श्री रूपलाल–श्रीमती रेखा विजयवर्गीय–प्रतापनगर (मरमी निवासी) द्वारा 21 हजार, श्री जगदीश नारायण–रामगोपाल विजयवर्गीय–निवारू रोड (रानोली निवासी) द्वारा 11 हजार एवं श्री ओमप्रकाश विजय–कालवाड रोड (केकडी निवासी) द्वारा 5100 रूप्ये का अनुदान प्रदान किया गया है।

## संगम भवन हेतु प्राप्त अनुदान राशि एवं निर्माण पर हुये खर्चे आदि का विवरण

जैसाकि आपको विदित ही है कि अखिल भारतीय विजयवर्गीय समाज के सभी बन्धुओं के उपयोग हेतु सामुदायिक केन्द्र एवं छात्रावास भवन निर्माण के लिये विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद, जयपुर के माध्यम से जयपुर में प्रतापनगर–सांगानेर के समृद्व क्षेत्र एनआरआइ

सर्किल के समीप राज्य सरकार के माध्यम से 2904 वर्गमीटर (लगभग 3500 वर्गगज) भूखण्ड का आवंटन रियायती दर पर (डीएलसी दर के 5 प्रतिशत पर) कराया गया था । उल्लेखनीय है कि भवन के बाहरी विकास के लिये परिषद के अथक प्रयासों से माह जुलाई, 2019 में नगर निगम से 25 लाख रूपये के विकास कार्यो के लिये स्वीकृत कराये गये जिसका कार्य पूर्ण हो चुका है।

**घोषित / प्राप्त / बकाया अनुदानः–**

इसके विकास हेतु अनेको–अनेक विजयवर्गीय बन्धुओं (राजसेवक परिषद के कार्यरत व सेवानिवृत्त कार्मिकों सहित) द्वारा आवंटन की प्रक्रिया दिनांक 24.9.2013 से लेकर 10 अक्टूबर, 2019 तक कुल राशि रूपये 2,80,96,980 / –का अनुदान घोषित किया गया है। इस राशि में से अब तक राशि रूपये 2,47,13,748 / – प्राप्त हो चुकी है तथा समाज बन्धुओं से राशि रूपये 33,83,232 / – प्राप्त होना शेष है।

**निमार्ण के विभिन्न मदों में खर्च की गई राशिः–**

समाज बन्धुओं के महान अनुदानदाताओं द्वारा प्रदान किये गये सहयोग के आधार पर दिनांक 24.9.2013 से 10 अक्टूबर,2019 तक विभिन्न मदों यथा – भूमि क्रय–लीज मनी–नक्शे अनुमोदन–रजिस्ट्री, संगम भवन हेतु समय–समय पर हुये विभिन्न समारोह पेटे, भूमि पर कराये गये अब तक निर्माण कार्यो के अन्तर्गत ठेकेदारों को भुगतान,सीमेन्ट–बजरी, स्टील, ग्रेनाईट कार्य, खिडकी–दरवाजे, पानी उपयोग हेतु बोरिंग–पानी की लाईन, बाथरूम फिटिंग, विद्युत कनेक्शन–बिल–सामग्री–फिटिंग–मरम्मत, वेतन, भूमि पर मिट्टी भराई, आयकर, प्रिटिंग, कार्यालय व्यय, साफ सफाई एवं अन्य विविध मदों में कुल राशि रूपये 2,64,96,575 / – व्यय किये जाकर भुगतान किया जा चुका है।

**भुगतान किये जाने योग्य राशिः–**

निर्माण कार्यो में व्यय की गई उपरोक्त राशि के अतिरिक्त विभिन्न मदों यथा –परिषद पदाधिकारियों से ऋण के रूप में ली गई उधार की राशि, मुख्य ठेकेदार, लकडी–एलमूनियम–प्लम्बिंग–पेन्टर–ग्रेनाईट आदि पेटे लगभग 51,88,000 / – का अन्तिम भुगतान किया जाना शेष है।

**विस्तृत जानकारी :–**

संगम भवन हेतु आवंटित भूमि के लिये अब तक प्राप्त अनुदान राशि एवं निर्माण पर हुये व्यय की विस्तृत जानकारी कभी भी पूर्व निर्धारित समय पर संगम भवन के कार्यालय –संगम विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र एवं छात्रावास भवन, सेक्टर 26 पानी की टंकी के पास, एनआरआई सर्किल के आगे, प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर पर पधारकर प्राप्त की जा सकती है ।

**80जी का लाभ प्राप्त करते हुये अनुदान प्रदान करने की अपील** – निर्माण का प्रोजेक्ट बडा होने के कारण इस हेतु धन की नितान्त आवश्यकता भी रहेगी । अतः आप सभी से सादर अपील है कि समाज हित के इस महान कार्य को ध्यान में रखकर अपना एवं अपने सार्थियों का यथाशक्ति आर्थिक सहयोग प्रदान करने का प्रयास करें। उल्लेखनीय है कि ऐसे अनुदान पर आयकर की धारा 80जी के अन्तर्गत छूट का भी प्रावधान कराया हुआ है।

**अनुदान की राशि** ''विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद (संस्था) जयपुर के एक्सेस बैंक, गिरधरमार्ग, मालवीयनगर के खाता संख्या 91410050647038 एवं IFSC CODE - UTIB0000626 में चैक अथवा नेट बैंकिग के माध्यम से जमा कराई जा सकती है ।